# चित्रकूट पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

**(2).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूष कान्त राय एवं क्षेत्राधिकारी मऊ/नोडल अधिकारी एसओजी श्री फहद अली के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 100 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख 23 हजार रूपये है को बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष व CEIR पोर्टल पर अपने मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे,जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम व थानों को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे। प्रभारी एसओजी/सर्विलांस टीम निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस एवं थानों के टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 100 अदद गुमशुदा/खोया हुआ मोबाइल की बरामदगी करते हुए आज दिनाँक-01.06.2026 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया। मोबाइल धारकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस की भूरी-भूरी प्रसंशा की।

**बरामदगीः-**

100 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख 23 हजार रूपये)

**बरामदगी करने वाली टीमः-**

1.प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी
2.मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार
3.मुख्य आरक्षी नीतेश समाधिया
4.आरक्षी रोहित सिंह
5.आरक्षी आशीष यादव
6.आरक्षी रोशन सिंह
7.आरक्षी पवन राजपूत
8.आरक्षी राघवेन्द्र
9.आरक्षी गोलू भार्गव
10.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री सत्यपति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश चौरसिया मय हमराह आरक्षी अजीत के द्वारा अ0सं0 318/21 अ0सं0 116/2018 धारा 342/387/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त सम्पत कोल उर्फ शिवसम्पत पुत्र श्याम कोल उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम पुराना थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(4).आज दिनाँक 01.01.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थानाध्यक्ष बहिलपुरवा श्री सत्यमपति त्रिपाठी की उपस्थिति में थाना बहिलपुरवा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण रजिस्टर को चेक किया गया तत्पश्चात थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क,साइबर हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष बहिलपुरवा को रजिस्टरों के अध्यावधिक करने,जनसुनवाई में त्वरित कार्यवाही,विवेचना,वारण्टी/वांछित आदि की गिरफ्तारी एवं साफ सफाई,बिजली,पानी, शौचालय आदि को ठीक कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

(5).आज दिनाँक 01.06.2026 को क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राजकमल द्वारा प्रभारी निरीक्षक पहाडी श्री निशिकान्त राय की उपस्थिति में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु कस्बा पहाडी  के बस स्टैण्ड, मिश्रित आबादी एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया । पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों,व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा शराब की दुकान एव 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

(6).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष कान्त राय के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री यामीन अहमद के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली कर्वी के प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा मंदाकिनी पुल के पास हुई हत्या की घटना में वांछित 03 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1.विशम्भर उर्फ रवि गुण्डा पुत्र राममूरत निवासी कपसेठी, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट
2.अनिल उर्फ रिंकू निषाद पुत्र देवी दयाल निवासी कपसेठी, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकू
3.कमलेश उर्फ गुरु निषाद पुत्र स्व. लाल जी निवासी कपसेठी, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास-
विशम्भर उर्फ रवि गुण्डा पुत्र राममूरत
(i) मु0अ0सं0 305/26 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट

अनिल उर्फ रिंकू निषाद पुत्र देवी दयाल
(i)मु0अ0सं0 376/21 धारा 363 भादवि एवं 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट, थाना कोतवाली कर्वी, चित्रकूट।
(ii) मु0अ0सं0 305/26 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट

कमलेश उर्फ गुरु निषाद पुत्र स्व. लाल जी
(i)मु0अ0सं0 474/19 धारा 379, 411 आईपीसी
(ii) मु0अ0सं0 476/19 धारा 41, 411, 413, 414 आईपीसी
(iii) मु0अ0सं0 2/3 गैंगस्टर एक्ट
(iv) मु0अ0सं0 305/26 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 31.05.2026 को समय लगभग 03:30 बजे पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कपसेठी निवासी विट्टी निषाद (उम्र लगभग 40 वर्ष) पुत्र ननकू निषाद के साथ रवि निषाद, रिंकू निषाद आदि द्वारा आपसी विवाद को लेकर मारपीट की गई। इस दौरान रवि निषाद द्वारा विट्टी निषाद पर चाकू एवं डंडे से प्रहार किया गया। घायल अवस्था में पुलिस एवं परिजनों द्वारा उन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय, सोनेपुर, चित्रकूट लाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उक्त संबंध में वादी विजय निषाद पुत्र विट्टी निषाद निवासी कपसेठी, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद

चित्रकूट की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 305/26 धारा 103(1), 115(2), 352, 351(3) बीएनएस बनाम 1. विशम्भर उर्फ रवि गुण्डा पुत्र राममूरत, 2. अनिल उर्फ रिंकू निषाद पुत्र देवी दयाल तथा 3. कमलेश उर्फ गुरु निषाद पुत्र स्व. लाल जी निवासीगण कपसेठी, थाना कोतवाली कर्वी, जनपद चित्रकूट पंजीकृत किया गया।
घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।
आज दिनांक 01.06.2026 को प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ला एवं उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर रेलवे क्रॉसिंग चन्द्रगहना के पास से अभियुक्त 1. विशम्भर उर्फ रवि गुण्डा, 2. अनिल उर्फ रिंकू निषाद एवं 3. कमलेश उर्फ गुरु निषाद को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-
1.श्री निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला
2.उ0नि0 श्री यदुवीर सिंह
3.उ0नि0 श्री शनि चतुर्वेदी
4.आरक्षी रविन्द्र कुमार
5.आरक्षी जयप्रकाश
6.आरक्षी विपिन
7. रि0आ0 दिलशाद